# प्रीलम्सि फैक्ट्स: 26 सतिंबर 2018

## यूनविर्सटी ऑफ़ वाशगिटन द्वारा जारी मानव पूंजी रैंकगि में भारत 158वें स्थान पर

साप्ताहकि पत्रकिा द लांसेट में प्रकाशति एक अध्ययन में कहा गया है कि मानव पूंजी के स्तर पर भारत 2016 में 195 देशों में से 158वें स्थान पर था, जबकि 1990 में इसका रैंक 162वाँ था। यह अध्ययन कसिी देश द्वारा शक्षिा और स्वास्थ्य सेवाओं पर कयि गए खर्च के आधार पर रैंक नर्िधारति करता है।

- अध्ययन के मुताबकि, भारत का स्थान सूडान (157वाँ स्थान) के बाद है और नामीबयिा (159वाँ स्थान) से आगे है। अमेरकिा 27वें स्थान पर, जबकि चीन 44वें स्थान पर और पाकस्तिान 164वें स्थान पर है।
- अध्ययन के मुताबकि, भारत अपने कार्यबल की शक्षिा और स्वास्थ्य के मामले में पीछे है। जो संभावति रूप से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।
- इस अध्ययन में सरकारी संस्थाओं, स्कूलों तथा स्वास्थ्य सेवाओं से प्राप्त आँकड़ों का प्रयोग कयिा गया था।
- वश्वि बैंक के अनुरोध पर यूनविर्सटी ऑफ़ वाशगिटन के स्वास्थ्य मेट्रकि्स और मूल्यांकन संस्थान (IHME) द्वारा आयोजति यह अध्ययन देशों की 'मानव पूंजी' के स्तर को मापने और उनकी तुलना हेतु इस तरह का पहला अध्ययन है।
- यह अध्ययन इस तथ्य का भी खुलासा करता है कि किसी देश की मानव पूंजी में बढ़ोतरी के साथ उसकी अर्थव्यवस्था में भी वृद्धि होती है।

---

## नेशनल ई-वधिान एप्लीकेशन (नेवा)

हाल ही में नेशनल ई-वधिान एप्लीकेशन (National e-Vidhan Application- NeVA) पर एक राष्ट्रीय ओरएिंटेशन कार्यशाला का आयोजन कयिा गया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यशाला का आयोजन संसदीय मामलों के मंत्रालय ने कयिा।

- कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य सभी राज्य वधिान पालकिाओं को ई-वधिान प्लेटफॉर्म अपनाने के लयि प्रोत्साहति करना और वधिान पालकिाओं के कामकाज में पारदर्शति और उत्तरदायत्वि लाना था।
- नेवा वकिेंद्रीकृत डजिटिल एप्लीकेशन है, जो वधिानमंडलों के दैनकि कामकाज से संबंधति सूचना डजिटिल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराती है।
- यह डजिटिल इंडयिा कार्यक्रम का एक हस्सिा है और संसदीय मामलों का मंत्रालय इसके लयि नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है तथा इसकी योजना 'एक राष्ट्र एक एप्लीकेशन' के सद्धिांत के अनुरूप ई-वधिान को संसद के दोनों सदनों सहति 40 वधिानमंडलों में लागू करने की है।
- यह पहल हमिाचल प्रदेश में केंद्रीय सहायता द्वारा नष्पिादति एक पायलट परयिोजना के साथ शुरू हुई जसिने 2014 में शमिला वधिानसभा को भारत की पहली पेपरलेस वधिानसभा बनाया।

---

## अंतर्राष्ट्रीय सांकेतकि भाषा दविस

संयुक्त राष्ट्र की घोषणा का अनुसरण करते हुए बधरिों के अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह के हस्सिे के रूप में दुनयिा भर में हर साल 23 सतिंबर को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतकि भाषा दविस मनाया जाता है।

- इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय सांकेतकि भाषा दविस की थीम "सांकेतकि भाषा के साथ, सभी लोग सम्मलिति हैं" (With Sign Language, Everyone is Included) है।
- भारत में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतकि भाषा दविस सामाजकि न्याय और सशक्तीकरण मंत्रालय के तहत दव्यिांगजन सशक्तीकरण वभिाग के भारतीय सांकेतकि भाषा अनुसंधान और प्रशक्षिण केंद्र (Indian Sign Language Research and Training Centre- ISLRTC) द्वारा मनाया जाता है।
- सांकेतकि भाषाएँ पूरण रूप से वकिसति प्राकृतकि भाषाएँ हैं, जो बोली जाने वाली भाषाओं से संरचनात्मक रूप से अलग होती हैं।
- एक अंतर्राष्ट्रीय सांकेतकि भाषा भी है, जसिका प्रयोग अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में और अनौपचारकि रूप से यात्राओं तथा लोगों से घुलने मलिने के दौरान बधरि लोगों द्वारा कयिा जाता है।
- कन्वेंशन ऑन द राइट्स ऑफ पर्सन्स वथि डसिेबलिटिीज़ सांकेतकि भाषा की पहचान करने और उनके प्रयोग को बढ़ावा देने का कार्य करता है। साथ ही यह भी स्पष्ट करता है कि सांकेतकि भाषा और बोली जाने वाली भाषाओं की स्थति समान होती है और राज्यों की पार्टयिों को सांकेतकि भाषा सखिाने और बधरि समुदाय की भाषायी पहचान को बढ़ावा देने के लयि बाध्य करता है।
- सांकेतकि भाषाएँ लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं की तरह ही जटलि व्याकरण युक्त भाषाएँ हैं। इनका स्वयं का व्याकरण तथा शब्दकोश होता है।

सांकेतिक भाषा का कोई भी रूप सार्वभौमिक नहीं है। अलग-अलग देशों या क्षेत्रों में अलग-अलग सांकेतिक भाषाएँ प्रयोग की जाती हैं। जैसे- ब्रिटिश सांकेतिक भाषा (BSL) तथा अमेरिकन सांकेतिक भाषा (ASL), जो लोग ASL को समझते हैं वे BSL को नहीं समझ सकते।

## वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ द डेफ (WFD)

- विश्व फेडरेशन ऑफ द डेफ (WFD) 133 देशों के बधिर संघों का एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी संगठन है।
- इसके अलावा, इसकी सदस्यता में सहयोगी सदस्य, अंतर्राष्ट्रीय सदस्य और व्यक्तिगत सदस्य और युवा सदस्य शामिल हैं। इसका विधिक केंद्र फिनलैंड के हेलसिंकी में है जहाँ WFD सचिवालय संचालित होता है।
- संयुक्त राष्ट्र में डब्ल्यूएफडी की स्थिति परामर्शदाता की है और यह अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता गठबंधन (IDA) का संस्थापक सदस्य है।
- यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और उद्देश्यों, मानवाधिकार संधियों, मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन और 2030 सतत् विकास लक्ष्य के अनुसार बधिर लोगों के मानवाधिकारों को बढ़ावा देता है।

---

## पराक्रम पर्व

भारतीय सशस्त्र सेना नियंत्रण रेखा (Line of Control- LOC) पर आतंकवादी शिविरों के खिलाफ किये गए सर्जिकल हमलों की दूसरी सालगिरह और सशस्त्र बलों के साहस, बहादुरी और बलिदान को प्रदर्शित करने के लिये 28-30 सितंबर तक 'पराक्रम पर्व' का आयोजन करेगी।

- भारतीय सेना ने 2016 में सर्जिकल हमले किये थे, जो सामरिक रूप से अत्यधिक जटिल था। इसका उद्देश्य देश में शांति का माहौल सुनिश्चित करना और हिंसा का मार्ग अपनाकर दुश्मन को विचलित करना था।
- मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के राजपथ मपर इंडिया गेट परिसर में किया जाएगा। इसी प्रकार, देश भर के 51 शहरों में 53 स्थानों पर भारतीय सशस्त्र बलों और स्पेशल फोर्सेज़ की बहादुरी वाली सामान्य तथा विशेष घटनाओं को प्रमुखता से प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।
- आगंतुकों को सेना द्वारा कब्ज़े में लिये गए हथियारों (जिनका प्रयोग आतंकवादियों द्वारा किया गया) के अलावा सेना का तोपखाना, बंदूकें और छोटे हथियारों जैसे सैन्य उपकरण भी देखने को मिलेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-26-september-2018